

लोकल ट्रांसपोर्ट जागरूकता सहायता समिति ने विभिन्न मांगों को लेकर रविवार को हड़ताल की एवं धरना दिया।

# धूमधाम से मनाया राधा-रानी का जन्मोत्सव, बरसाना जैसा सजा मंदिर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भादो शुक्ल पक्ष की अष्टमी को श्री राधा रानी का अवतरण पर्व राधाष्टमी प्राकट्य उत्सव गौतम नगर, डीआईजी बंगले स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राधा रानी का विशेष फूलों और आकर्षक पोशाकों से अलौकिक राजसी श्रृंगार किया गया।

मंदिर में बधाई, समाज गायन, पूजा, श्री राधा सुधा निधि पाठ, राधा चालीसा, प्रवचन, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान मंदिर के सेवायत के निर्देशन में हुए। अनुष्ठान में किशोर चौहान ने कहा कि कलयुग में राधा नाम गुणकारी है। कृष्ण हृदय राधारानी के दर्शन मात्र से ही मनोकामना पूर्ण होती है। वरिष्ठ समाजसेवी भगवान दास ढालिया ने कहा कि युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन सशक्त माध्यम हैं।

आयोजक पृथ्वीराज चौहान ने कहा कि धार्मिक उत्सव सर्व समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। गौतम नगर में इस बार वृंदावन-बरसाना जैसी पवित्र ऊर्जा देखने को मिल रही है।

इस अवसर पर किशोर चौहान, धीरज यादव, धीरज सोनी, भगवान दास ढालिया, राकेश प्रजापति, सुनील सोनगरा, भानु सिसोदिया, हुकुमचंद चौहान, संतोष चौहान सहित राधा रानी सरकार भक्त मंडल के सदस्य और क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहे।

# झरनेश्वर नागरिक सहकारी बैंक ने आठ प्रतिशत लाभांश की घोषणा की



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** झरनेश्वर नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित की 33वीं वार्षिक आम सभा रविवार को बैंक के प्रधान कार्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में बैंक के अंशधारी सदस्यों सहित उपाध्यक्ष एडवोकेट रोहित श्रोती, उपाध्यक्ष डॉ. संतोष कटियार, संचालक राजीव तिवारी, संचालक संदीप कुरापा, प्रोफेशनल डायरेक्टर कंपनी सेक्रेटरी अमित जैन, वृत्तिक संचालक राकेश अग्रवाल, शाखा प्रबंधक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत संस्था के अध्यक्ष एच.बी.एस. परिहार ने वर्ष 2025-26 के वार्षिक वित्तीय पत्रक और प्रगति के आंकड़े प्रस्तुत कर की। उन्होंने सदस्यों को बताया कि बैंक लगातार तीसरी बार लाभ में रही है। बैंक की वित्तीय सुदृढ़ता और बेहतर प्रदर्शन पर सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की। सभा की सहमति और स्वीकृति से अध्यक्ष एच.बी.एस. परिहार ने शेयरधारकों के लिए 8 प्रतिशत लाभांश वितरण की घोषणा की। इससे अंशधारियों में खुशी का माहौल रहा।

इस अवसर पर बैंक के संस्थापक निदेशकों स्व. राजेश्वर सिंह परिहार, स्व. वीरेंद्र तिवारी और स्व. ब्रिगेडियर के.पी. पांडे की स्मृति में बैंक कर्मचारियों के मेधावी बच्चों मास्टर प्रणीत श्रीवास्तव, कु. ख्याति मालवीय और कु. काजल जाटव को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए नकद प्रोत्साहन पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बैंक के दिवंगत संचालक स्व. सतीश नायक को मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। आमसभा के समापन पर प्रोफेशनल डायरेक्टर राकेश अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

## अनिल बाजपेई बने अमर शहीद फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक

**नप्र, भोपाल :** अमर शहीद फाउंडेशन के निदेशक एवं राष्ट्रीय महासचिव अरुण वर्मा ने प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए भोपाल के देशभक्त, समाजसेवी एवं वरिष्ठ नेता अनिल बाजपेई को अमर शहीद फाउंडेशन का राष्ट्रीय संरक्षक मनोनीत किया है।

अनिल बाजपेई के राष्ट्रीय संरक्षक बनने पर विभिन्न राज्यों के पदाधिकारियों और समाजसेवियों ने उन्हें बधाई दी। इनमें मध्यप्रदेश के अध्यक्ष ओपी सोनी, दिल्ली की प्रियंका रावत, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव, सुभाष शर्मा, आरके तिवारी, कपिल शर्मा, आगरा के जफरुद्दीन, उत्तर प्रदेश, हरियाणा के देवकी नंदन खंडूजा, हिमाचल प्रदेश के ताराचंद्र राणा, महाराष्ट्र के योगेश बराते, झारखंड के आलोक रंजन, बिहार के विजय प्रसाद, छत्तीसगढ़ के विजय वर्मा सहित अन्य लोग शामिल हैं।

इसके अलावा एससी त्रिपाठी, आरके खरे, राजू अवस्थी, संतोष मिश्रा, कमलेश शर्मा, आरएस रघुवंशी, पीएल शर्मा, अनिल कुमार ब्यौहार, एमएल शर्मा, हातिम अली अंसारी और सोहेल खान सहित अनेक देशभक्त एवं समाजसेवियों ने भी अनिल बाजपेई को शुभकामनाएं दीं।



विधायक भगवानदास सबनानी ने दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के तुलसी नगर स्थित देवनारायण मंदिर, गुर्जर भवन में आयोजित भगवान देवनारायण के विशाल चल समारोह में सम्मिलित होकर भगवान देवनारायण का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## मृदुल कुमार पाठक का निधन, आज निकलेगी अंतिम यात्रा

**भोपाल।** वन विभाग के अधिकारी रहे मृदुल कुमार पाठक का 20 सितंबर को निधन हो गया। उनके निधन से परिवार, परिचितों और शुभचिंतकों में शोक की लहर है। उनकी अंतिम यात्रा 21 सितंबर को सुबह 10:30 बजे निज निवास बी-221, एमराल्ड पार्क सिटी, बागसेवनिया से प्रस्थान करेगी। अंतिम यात्रा सुभाष नगर विश्राम घाट पहुंचेगी, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। परिवारजनों ने सभी परिचितों और शुभचिंतकों से अंतिम यात्रा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अनुरोध किया है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

## पूर्व कुलपति डॉ. संतोष कुमार के निधन पर शोक

**नप्र, भोपालः** कायस्थम मध्यप्रदेश ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय और डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। 87 वर्षीय डॉ. श्रीवास्तव का रविवार को निधन हो गया। कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव को 17 जनवरी 2025 को 'कायस्थम सम्मान-25' से सम्मानित किया गया था। वे कॉर्नेल यूनिवर्सिटी, इथाका, न्यूयॉर्क, अमेरिका के विजिटिंग प्रोफेसर रहे। उन्होंने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में प्राध्यापक, विभागाध्यक्ष, डीन छात्र कल्याण और रेक्टर के रूप में सेवाएं दीं। वे इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष और जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के स्वर्ण पदक विजेता भी रहे।

## एशियन गेम्स में भारत की बेटियों ने रचा कीर्तिमान : मुख्यमंत्री

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एशियन गेम्स-2026 में 10 मीटर एयर राइफल महिला टीम स्पर्धा के फाइनल में रजत पदक जीतने पर भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि एशियन गेम्स में भारत की बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर सुश्री एलावेनिल वलारिवन, सुश्री सोनम उत्तम मस्कर और सुश्री विदरसा के. विनोद को रजत पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।




भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'सेवा संकल्प अभियान' की प्रदेश टोली की बैठक कर कार्यक्रम की समीक्षा की एवं आगामी कार्यक्रम की योजना पर चर्चा की। बैठक में प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, प्रदेश महामंत्री व अभियान के प्रदेश संयोजक राहुल कोठारी, तीर्थ स्थान मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोटिया, संभाग प्रभारी डॉ. अभय यादव, पूर्व सांसद आलोक संजर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंशुल तिवारी सहित प्रदेश टोली के सदस्य उपस्थित रहे।

## अमृत भारत ट्रेन के भोपाल स्टेशन पर स्टापेज की मांग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल से नर्मदापुरम-इटारसी की ओर नित्य यात्रा करने वाले यात्रियों के संगठन ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बनारस से हड़पसर जाने वाली अमृत भारत ट्रेन का स्टापेज भोपाल स्टेशन पर करने की मांग की है। यात्रियों का कहना है कि वर्तमान में ट्रेन का स्टापेज बीना के बाद रानी कमलापति स्टेशन पर है, जिससे भोपाल से नर्मदापुरम और इटारसी जाने वाले यात्रियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। नित्य यात्री संगठन ने इस संबंध में भोपाल के सांसद आलोक शर्मा को ज्ञापन सौंपा था। सांसद ने आश्वासन भी दिया था, लेकिन अभी तक ट्रेन का भोपाल में स्टापेज नहीं हुआ है।यात्रियों ने बताया कि पूर्व में मेमो ट्रेन चलाने की मांग भी की गई थी, लेकिन रेल प्रशासन ने मेमो ट्रेन चलाने में असमर्थता व्यक्त की थी। यात्रियों का कहना है कि अमृत भारत ट्रेन का भोपाल में स्टापेज होने से मेमो ट्रेन की आवश्यकता नहीं रहेगी। संगठन ने रेल मंत्री से यात्रियों की सुविधा को देखते हुए उक्त ट्रेन का स्टापेज भोपाल स्टेशन पर किए जाने का अनुरोध किया है।

# कोलार में मातारानी की झांकी के लिए भूमिपूजन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कोलार क्षेत्र की प्रसिद्ध मातारानी की झांकी के 16वें वर्ष में माता वैष्णो देवी के दरबार की स्थापना के लिए रविवार को सर्वधर्म कॉलोनी स्थित कल्पना चावला गार्डन में विधि-विधान से भूमिपूजन किया गया। मां वैष्णो देवी उत्सव एवं जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित भूमिपूजन में भक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर भव्य आयोजन का संकल्प लिया।

समिति अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने बताया कि वर्ष 2011 से लगातार कल्पना चावला गार्डन में मातारानी की झांकी लगाई जा रही है। इस वर्ष कटरा स्थित त्रिकूट पर्वत पर विराजी माता वैष्णो देवी के स्वर्ण मंदिर की प्रतिकृति तैयार की जा रही है। इसमें पिंडी के साथ महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती के तीन रूपों के साथ माता वैष्णो देवी गुफा में विराजेंगी।

भूमिपूजन के दौरान पंडित सोनू महाराज ने समिति अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ और उनकी पत्नी लक्ष्मी राहुल सिंह राठौड़ को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया। आरती के बाद 16वें वर्ष में मातारानी की स्थापना के लिए भूमिपूजन किया गया। भक्तों ने माता वैष्णो देवी के जयकारे लगाए।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच एवं पूर्व कोलार नगर पालिका अध्यक्ष मंगल सिंह यादव, समाजसेवी मनोज मिश्रा, पत्रकार भरत भूषण तिवारी, सकल जैन समाज अध्यक्ष अखिलेश जैन, खाटू श्याम आराधना ग्रुप अध्यक्ष राखी परमार सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# तंबाकू-गुटखा फैक्ट्री पर जीएसटी इंटेलिजेंस की छापेमारी, 30 करोड़ की टैक्स चोरी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सेंट्रल जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने न्यू चौकसे नगर, नवीबाग में अवैध रूप से संचालित तंबाकू और गुटखा फैक्ट्री पर छापेमारी कर 30 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का खुलासा किया है। शुक्रवार और शनिवार को हुई कार्रवाई के बाद फैक्ट्री से जब्त दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। जांच के बाद टैक्स चोरी का आंकड़ा 60 करोड़ रुपये से अधिक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

बताया गया है कि फैक्ट्री का संचालन सुरेश सिंह द्वारा किया जा रहा था। यहां 'गुरु' नाम से तंबाकू और गुटखा तैयार किया जाता था। फैक्ट्री इलाके में चोरी-छिपे संचालित की जा रही थी। जांच के दौरान फैक्ट्री से संबंधित कानूनी दस्तावेजों में भी कमी पाई गई है। कार्रवाई के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जीएसटी इंटेलिजेंस की कार्रवाई के बाद अब जब्त दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इसी के आधार पर टैक्स चोरी की वास्तविक राशि का आकलन किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, अब तक 30 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी सामने आई है, जबकि दस्तावेजों के परीक्षण और आगे की जांच के बाद यह राशि बढ़ सकती है।जीएसटी नियमों के अनुसार टैक्स चोरी करने वाले उत्पाद निर्माताओं और विक्रेताओं के यहां जब्त माल पर 100 प्रतिशत पेनाल्टी और 40 प्रतिशत जीएसटी वसूली जाती है। इसके अलावा नए नियमों के तहत उपकर की राशि भी वसूली जाती है। इसी आधार पर चौकसे नगर में हुई कार्रवाई में टैक्स चोरी की राशि आकलन के बाद 30 करोड़ रुपये से काफी अधिक बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

## पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार कर रही प्रयास

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, मुर्गी पालन और बकरी पालन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देकर किसानों के लिए आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि के लिए निरंतर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने नीमच से कृषि उपज मंडी मैहर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।

# उद्यानिकी मूल्य श्रृंखला मजबूत करने पर आज होगा नीति संवाद

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के सहयोग से सोमवार, 21 सितंबर को भोपाल में 'मध्यप्रदेश में उद्यानिकी मूल्य श्रृंखलाओं का सुदृढ़ीकरण' विषय पर नीति संवाद आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से एमपीटी होटल पलाश रेसीडेंसी के प्रथम तल स्थित विमर्श हॉल में होगा। इसमें नीति-निर्माता, विषय-विशेषज्ञ, वित्तीय संस्थाओं, उद्योग प्रतिनिधि, कृषक उत्पादक संगठन और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उद्यानिकी क्षेत्र के विकास पर विचार-विमर्श करेंगे।

कार्यक्रम में राज्य नीति आयोग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वरोचिष सोमवंशी स्वागत उद्बोधन देंगे। योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव श्रीमन शुक्ला प्रारंभिक उद्बोधन देंगे। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. राजीव दीक्षित तथा कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण के.सी. गुप्ता का विशेष संबोधन होगा। नीति संवाद में तीन पैनल चर्चाएं होंगी। इनमें उद्यानिकी मूल्य श्रृंखलाओं की संभावनाओं, वित्तीय संसाधनों, योजनाओं के अभिसरण, तकनीक, निजी निवेश, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और बाजार से जुड़ाव पर मंथन होगा। चर्चाओं में एपीडा, राष्ट्रीय उद्यानिकी बोर्ड, एमपीआईडीसी, नाबार्ड, सेंट्रल बैंक सहित विभिन्न संस्थानों और उद्योगों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।


## कार्यालय वनमंडलाधिकारी, दक्षिण बैतूल सामान्य वनमंडल

**अंतिम रूप से राजसात वाहनों के निर्वर्तन हेतु विज्ञप्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दक्षिण बैतूल (सा.) वनमण्डल के अंतर्गत अंतिम रूप से राजसात वाहन जैसा है, जहां उसी स्थिति में विक्रय हेतु निम्नानुसार निविदा दिनांक 29/09/2026 को आमंत्रित करना संसूचित है। निविदा फार्म एवं निविदा की शत अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय दक्षिण बैतूल सामान्य वनमण्डल से प्राप्त की जा सकती है।

**सील बंद निविदा से निर्वर्तन हेतु वाहन निम्नानुसार हैं-**

| क्र. | वनमंडल | स्थल जहां वाहन खड़ा है | वाहन क्रमांक | वाहन का प्रकार | मॉडल वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दक्षिण बैतूल (सा.) वनमडल | परिक्षेत्र सहायक कैम्पस आठनेर | MBLHA10ABBHK11244 | मोटर सायकल | - |
| 2 | | परिक्षेत्र सहायक कॅम्पस मासोद | MB8NF4HAMA8109523 | मोटर सायकल | - |
| 3 | | परिक्षेत्र कार्या. केम्पस मुलताई | MP48B3094 | मोटर सायकल | 2000 |
| 4 | | परिक्षेत्र कार्या. कैम्पस मुलताई | MH27AQ3800 | मोटर सायकल | - |

निविदा फार्म का मूल्य 100/- रू. है जो वनमंडल कार्यालय से क्रय कर सकते है। निविदा फार्म के साथ 02 पहिया वाहन हेतु र्रा रू. 1000/- प्रति वाहन एवं चार पहिया वाहन हेतु रू. 5000/- प्रति वाहन का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से वनमंडलाधिका दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल के पक्ष में देय जमानत के तौर पर जमा करना होगा। साथ ही आधार कार्ड एवं पेनकार्ड की छायाप्रति बैंक ड्राप के साथ निविदा के पूर्व निविदा फार्म के साथ प्रस्तुत करना होगा।

**निविदा फार्म प्रदाय करने की तिथि / समय दिनांक 28/09/2026 से 29/09/2026 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में निविदा फा जमा करने की तिथि / समय दिनांक 29/09/2026 समय 2.00 बजे अपरान्ह तक निविदा खोलने का दिनांक/समय 29/09/2026 सम 03.00 बजे अपरान्ह में**

**वनमंडलाधिकारी,**
**दक्षिण बैतूल सामान्य वनमंडल**

G-18857/26



## जाहिर सूचना

**भूखण्ड क्रमांक-162 शंकर गार्डन वार्ड क्रं. 62 ग्राम हथाईखेड़ा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा पिपलानी, भोपाल** द्वारा प्रदत्त किये जा रहे ऋणपेटे आवेदकगण श्री रजनीश कुमार जैन आत्मज श्री राजेन्द्र कुमार जैन एवं **श्रीमती तृप्ति रजनीश जैन** पत्नी श्री रजनीश कुमार जैन दोनों निवासीगण फलेट नं.-203 पंजाब नेशनल बैंक के ऊपर गोविंद गार्डन, गोविंदपुरा भोपाल (म.प्र.) द्वारा प्राप्त किये जा रहे ऋणपेटे बंधक की जा रही संयुक्त स्वामित्व की सम्पत्ति एक किता **आवासीय भूखण्ड क्रमांक-162 शंकर गार्डन कॉलोनी जो कि खसरा नं. 3/1/1, 3/2/1/1 का अंशभाग होकर स्थित** ग्राम हयाईखेड़ा वार्ड क्रमांक-62 तहसील हुजूर जिला भोपाल' (म.प्र.) जिसकी चर्तुसीमायें निम्नानुसार है पूर्व में भूखण्ड क्रमांक 161, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 163, उत्तर में रोड, दक्षिण में ओपन एरिया, जिसका कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफिट अर्थात् 139405 वर्गमीटर है को प्राप्त किये जा रहे ऋणपेटे साम्यिक बंधक किये जाने हेतु मूल विक्रयपत्र अन्य दस्तावेजों के साथ बैंक शाखा में प्रस्तुत किया है। यदि उपरोक्त बंधक की जा रही सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अशासकीय वित्तीय संस्था, बैंक, सोसायटी एवं अन्य का कोई हित, स्वत्व संबंध या किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन हो, तो वह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में स्पष्ट प्रमाण सहित कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती, दावा, स्वत्व या अधिकार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को ऋणपेटे साम्यिक बंधक करने के लिये पूर्णत: स्वतंत्र होगा। **भवदीय**

**योगेश पवार, अधिवक्ता**
**245 ओल्ड अशोका गार्डन रायसेन रोड भोपाल**
**मो.नं.-9893276073, 9425027947**



**परिशिष्ट B- संख्यांक 13**

## जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल

**पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ट खण्ड, भोपाल**

**एमजेसी एसयूसी/164/2026**

**रामेश्वर लाल वाजपेयी बनाम सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

**NEXT DATE: 22-10-2026**

प्रेषिती- ..........................................

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामेश्वर लाल वाजपेयी पता मकान नंबर-70 बी, वैशाली नगर, वार्ड नबर 31, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल, म.प्र. ने मृतक स्व. श्री कैलाश नारायण वाजपेयी की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक **22-10-2026** को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक **22-10-2026** को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख **08-09-2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायाधीश**
**श्रीमती मेघा अग्रवाल**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड**